# सोगरा उच्च विद्यालय प्लस टू में शौचालय और बाउंड्री वॉल का हुआ उद्घाटन





**मो० दानिश/बिहार शरीफ**

बिहार शरीफ के प्रतिष्ठित सोगरा उच्च विद्यालय प्लस टू में स्वच्छ शौचालय और बाउंड्री वॉल का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर नालंदा के लोकप्रिय सांसद कौशलेंद्र कुमार के आगमन पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने उनका फूल-मालाओं एवं बुके देकर गर्मजोशी से स्वागत किया।

सांसद के प्रयास से हुआ शौचालय का निर्माण

सांसद कौशलेंद्र कुमार के विशेष प्रयासों से गोल्डन जुबली फाउंडेशन एलआईसी की सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत श्री ज्ञान गंगोत्री विकास संस्था द्वारा निर्मित स्वच्छ शौचालय का उद्घाटन किया गया। इस पहल से विद्यालय के छात्र-छात्राओं को बेहतर स्वच्छता सुविधाएं मिलेंगी, जिससे उनके स्वास्थ्य और शिक्षा में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

कार्यक्रम में मौजूद गणमान्य व्यक्ति

इस विशेष अवसर पर विद्यालय के सचिव आफताब आलम, प्राचार्य शाहिना नाज, सुल्तान अंसारी, मोतावल्ली मुख्तार उल हक, इमरान सगीर, मोहम्मद खुर्रम, तनवीर हसन, सामाजिक कार्यकर्ता भारत जी और श्री ज्ञान गंगोत्री विकास संस्था की निर्देशक डॉ. रानी सिंह समेत विद्यालय के तमाम शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

सांसद ने दिया जल्द ही और सुविधाएं बढ़ाने का आश्वासन

सांसद कौशलेंद्र कुमार ने विद्यालय के विकास को प्राथमिकता देते हुए आश्वासन दिया कि बचे हुए बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य जल्द पूरा किया जाएगा। साथ ही, छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए एक वाटर फ्रीजर भी स्कूल में जल्द ही प्रदान किया जाएगा।

इस अवसर पर विद्यालय प्रशासन और छात्र-छात्राओं ने सांसद को धन्यवाद दिया और विद्यालय के भविष्य में और अधिक विकास की उम्मीद जताई।